# सामान्य सभा की बैठक में हंगामा, थाने पहुंचा विपक्ष

## उपाध्यक्ष के गुट ने बहोरीबंद थाने में जनपद अध्यक्ष बहोरीबंद के खिलाफ कराई शिकायत, जिला पंचायत सीईओ व कलेक्टर के पास पहुंचा मामला

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी जनपद पंचायत बहोरीबंद में जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित सदस्यों के साथ चल रही तनातनी शांत होने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को भी जनपद पंचायत कार्यालय में आयोजित सामान्य सभा की बैठक गहमागहमी के बीच हुई। जहाँ जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष गुट के सदस्यों के बीच तीखे तेवर देखने को मिले। इस मामले के बाद जनपद उपाध्यक्ष खेमे के जनपद सदस्यों ने बहोरीबंद थाने पहुंचकर जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायत दर्ज कराई है।



जनपद उपाध्यक्ष सोनम चौधरी सहित जनपद सदस्यों ने सौंपी शिकायत पत्र के माध्यम से बताया कि बुधवार को सामान्य सभा कि बैठक आयोजित थी। जहाँ विभिन्न मुद्दों सहित वर्ष 2025-26 की कार्य-योजना का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। जनपद उपाध्यक्ष सहित सदस्यों ने बताया कि 12 मार्च को समान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष की अनुशंसा में 17 जनपद सदस्यों द्वारा सामान्य सभा की बैठक की जिसमें अध्यक्ष को बैठक की सूचना दी गई थी, जिसमें माननीय उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अध्यक्ष द्वारा जनपद उपाध्यक्ष एवं सभी जनपद सदस्यों से अभद्र व्यवहार किया गया। साथ ही टेबल पर रखी पंचायत राज अधिनियम (एक्ट) को बार-बार टेबिल पर उठाकर पटका गया। जनपद उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा निरंतर सभी जनपद सदस्यों को हरिजन एक्ट लगाने की धमकी देकर धमकाया और कहा कि सभी लोगों को देख लूंगा और फिर बैठक से बाहर हो गए। उन्होंने यह पुलिस को दी गई शिकायत में बताया जनपद अध्यक्ष द्वारा की गई अभद्रता को जनपद पंचायत के सभागार में लगी सीसीटीवी फुटेज और कॉल रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध है।

### रोजगार सहायक से गाली गलौज करने का आरोप

साथ ही 20 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसका आमंत्रण देने ग्राम रोजगार सहायक को जनपद अध्यक्ष के घर भेजा गया था। जहां आमंत्रण देने गए रोजगार सहायक आनंद हल्दकार को भी गाली गलौज करते हुए हरिजन एक्ट लगाने की बात कही गई थी।

### अनहोनी से भयभीत जनपद उपाध्यक्ष

जनपद उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों ने थाना प्रभारी से जनपद अध्यक्ष द्वारा अभद्र बर्ताव की पुनरावृत्ति की जाती है। जिससे हम सभी सदस्य किसी अनुचित अनहोनी के लिए भयभीत रहते हैं। अत: उचित कार्यवाही कराते हुए हम सभी सदस्यों को निजात दिलाने का कष्ट करें। इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सोनम राजेश चौधरी, जनपद सदस्य पुष्पा सिंह सेंगर, भारती सिंह, मालती बाई, प्रतिमा, संजो बाई, माया, गीतासिंह, सोम शेखर तिवारी, प्रवीण यादव, रोहित सिंह, कमलेश जैन, सुरेन्द्र सिंह, नंद किशोर जायसवाल सहित अन्य जनपद सदस्य मौजूद रहे।

### इनका कहना है

**मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी**

जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों ने जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा अभद्रता व्यवहार करने व हरिजन एक्ट के मामले में फंसाए जाने की शिकायत की है। मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**- सुरेंद्र शर्मा**
**थाना प्रभारी बहोरीबंद**

**समझाने पर अध्यक्ष नहीं माने**

सामान्य सभा की बैठक में जनपद अध्यक्ष के द्वारा अमर्यादित भाषा का उपयोग किया गया ओर साथ ही पंचायत राज अधिनियम एक्ट को टेबिल पर पटका गया। समझाने के वाबजूद भी जनपद अध्यक्ष नहीं माने। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में रिकार्ड है।

**- अभिषेक कुमार**
**जनपद सीईओ बहोरीबंद**

# बहोरीबंद में 35 करोड़ की लागत से बनेगी 11 ग्रामीण सड़कें

**बाकल, देशबन्धु।** प्रदेश के वित्तीय बजट में बहोरीबंद क्षेत्र में विकास के लिए सरकार ने खजाना खोलकर सौगात दी है। क्षेत्र की 11 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए बजट में 35 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

विधायक प्रणय पांडेय ने बताया कि जिन सड़कों के लिए बजट में स्वीकृति मिली है उनमें खमतरा से सिंहुडी मोड 120 लाख रुपए, निमास से जुजावल सड़क 240 लाख, भकरवारा से उदयपुर 240 लाख, पथराडी पिपरिया से निपानिया सड़क 795 लाख, सलैया फाटक से सिलपुरा सड़क 102 लाख, घिनौची से गनियारी मार्ग 312 लाख, राखी से धनवाही सड़क 432 लाख, पड़रिया से गाड़ा पहाड़ीखेड़ा सड़क 213 लाख, बंधी सलीमनाबाद से खिरवा टोला 110 लाख, रामपाटन से हथियागढ़ सड़क 556 लाख और बाकल मुख्य मार्ग पेट्रोल पंप से पुरानी बाजार तक की सड़क का निर्माण कार्य 158 लाख की लागत से कराया जाएगा। बजट में राशि स्वीकृत होने के बाद इनके निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। गौरतलब है कि इन ग्रामीण सड़कों के निर्माण की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही थी। विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। बजट में स्वीकृत होने के बाद अब इन सड़कों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।



### नर्मदा नहर सिंचाई का रखवा बढ़कर एक लाख एकड़ से अधिक हुआ

बजट में बहोरीबंद माइक्रो लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 1011 करोड़ रुपए का प्रावधान किए जाने के साथ ब्लॉक में योजना से अब तक वंचित रहे 17 गांवों की 28000 एकड़ कृषि भूमि को सिंचित करने 300 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया गया है।जिसके बाद सिंचाई रखवा बढ़कर एक लाख आठ हजार एकड़ होगा और ब्लॉक का हर गांव में नर्मदा के पानी से सिंचाई होगी।

## सार-समाचार

### सनशाइन एकेडमी रायबाड़ा में उड़ा खुशियों का गुलाल




**कटनी, देशबन्धु।** सनशाइन एकेडमी रायबाड़ा मैंने आज होली सेलिब्रेशन किया, जिसमें सभी शिक्षक और बच्चों ने मिलकर होली मनाई। सब ने सुंदर सुंदर अलग-अलग रंगो और फूलों के साथ होली मनाई। सभी बच्चों ने होली के त्योहार के बारे में जानकरी ली और उसके महत्व को समझा सभी बच्चों ने होली खेलते समय बहुत खुश हुए उन्हें शिक्षक के साथ मिलकर बहुत आनंद लिया। सभी बच्चों ने टीचर्स के साथ मिलकर बहुत डांस किया और बहुत एन्जॉय किया। सभी शिक्षिकाओं के सहयोग से ये कार्यक्रम सफलता से संपन्न हुआ। सभी शिक्षकों ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों के बेहतर प्रदर्शन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की शिक्षिकाओ के सहयोग से ये कार्यक्रम सफलता से शुभारम्भ हुआ। उन्होंने सभी बच्चों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल की वाईस प्रिंसिपल श्रीमती शबनम अख्तर की उपस्तिथि रही। उन्होंने सभी बच्चों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शांति सद्भाव से पर्व मनाने की अपील



**उमरियापान, देशबन्धु।** रंगो के पर्व होली को शांति सद्भाव से मनाने उमरियापान पुलिस ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन बीट में लगातार पुलिस भ्रमण कर निगरानी रखेगी। पर्व को लेकर गुरुवार की शाम से ही पुलिस अलर्ट हैं। पुलिस की पेट्रोलिंग शुरू कर दी गई है। धुरेडी पर शुक्रवार की सुबह से लेकर रात तक पुलिस की सतत निगरानी रहेगी। हुडदंग करने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने अपील की है।

### कलेक्टर ने जिलेवासियों को दी होली की शुभकामनाएं



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के समस्त नागरिकों को होली के त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने संदेश में कहा है कि सामाजिक समरसता, सौहार्द व रंगोल्लास का प्रतीक यह पर्व सभी के लिए मंगलमय हो। कलेक्टर ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि इस पर्व को सद्भाव से मनाएं एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 18 को

**मंडला, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार मंगलवार 18 मार्च को अपरान्ह 4 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर के गोलमेज सभाकक्ष में जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राजनैतिक दल नामावली/निर्वाचन से संबंधित अपने सुझाव, कठिनाई अथवा अनिराकृत विषयों को विचारार्थ रख सकते हैं।

### जिले के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने बैठक17 को

**कटनी, देशबन्धु।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के प्रमुख स्मारकों एवं पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने, पर्यटन की संभावनाएं तलाशने तथा पर्यटन से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा हेतु 17 मार्च को दोपहर 3.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मे बैठक आयोजित की गई है। बैठक मे पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुक्त नगर निगम, अधीक्षक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, उपसंचालक पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय पूर्वी क्षेत्र जबलपुर मौजूद रहेंगे।

# कलेक्टर ने नागरिकों को दी होली की शुभकामनाएं

**कटनी, देशबन्धु।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले के नागरिकों को होली की शुभकामना और बधाई देते हुए कहा है, कि आपसी प्रेम, स्नेह और भाईचारे का प्रतीक यह रंगोत्सव आप सभी के जीवन में खुशियों का हर रंग लेकर आए। कलेक्टर श्री यादव ने इस अवसर पर सभी नागरिकों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।



उन्होने होली की शुभकामना संदेश में कहा है कि होली उत्साह और उमंग का त्यौहार है। यह रंगों, खुशियों और मेल मिलाप का भी त्यौहार है यह दिन लोगों के बीच खुशियां बाटने का है। उन्होंने सभी लोगों से सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल होली मनाने की अपील की है। उन्होने होली पर्व के दौरान लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा विभिन्न प्रबन्धों को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन को सहयोग एवं जन सहभागिता का आह्वान किया है और कहा है कि शान्ति एवं सद्भाव के साथ त्योहार मनाते हुए आपस में खुशियां बांटें।

कलेक्टर श्री यादव ने कटनी वासियों से अपील की है, कि वे होलिका दहन बिजली तारों ट्रांसफार्मर और पोल से दूर करें ताकि किसी प्रकार का कोई हादसा ना हो। तारों के नीचे होली दहन से तार पिघल सकते हैं। विद्युत लाइन को नुकसान हो सकता है और तार टूट सकते हैं। इसलिए सावधान और सतर्क रहें। कलेक्टर श्री यादव ने कहा है, कि रंगों के इस त्यौहार पर नागरिक पर्यावरण का भी ध्यान रखें तथा हर्बल कलर का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें।

साथ ही शहर को साफ-सुथरा रखने का संदेश एक दूसरे को देने का आग्रह नागरिकों से किया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है, कि वे इस पावन पर्व को आपसी सद्भाव के साथ मनाएं कोई भी ऐसा कार्य नहीं करें, जिससे दूसरों को कष्ट हो, अपने भाव, भावनाओं और आचरण से पर्व की गौरवशाली परंपरा को सशक्त करें। ताकि सभी जिले वासियों के जीवन में खुशियों के रंग बिखरे और जिला विकास के सतरंगी रंगों से नई ऊंचाइयां छुए।

# वैदेही ने गरीब बस्ती में जाकर खेली फूलों की होली




**कटनी, देशबन्धु।** होली उत्सव को देखते हुए वैदेही शक्तियों ने प्रेमनगर बस्ती में जा कर बच्चों को गुलाल, बिस्किट और मिठाइयां बांटी। उन्हें समझाइश भी दी की उन्हें होली कैसे खेलना चाहिए। गुलाल और फूलों की होली खेले रंग का इस्तेमाल न करे। स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए ये सभी चीजें हानिकारक हैं और स्वक्षता के बारे में भी समझाया अपने आसपास किसी भी तरह की गंदगी न रखें प्लास्टिक का उपयोग न करे। वैदेही शक्तियों ने उन्हें दोना पत्तल में गुलाल और खाने की सामग्री दी और उन्हें ये भी बताया कि प्लास्टिक हमारे जीवन में बहुत सारी बीमारी पैदा करता है न इस्तेमाल करें और न ही दूसरों को करने दे मार्केट सामान लेने जाएं तो कपड़े का थैला ले कर जाएं तभी हम स्वच्छता बना सकते हैं।

## अपर कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन के प्रकरणों की समीक्षा

**मंडला, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन एवं समाधान ऑनलाईन के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका सकारात्मक निराकरण करें। सभी विभाग ग्रेडिंग सुधारने का प्रयास करें।

अपर कलेक्टर ने 50 दिवस से लम्बित प्रकरणों पर फोकस करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर ने अनुपस्थित खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा विभाग, कुटीर एवं ग्राम उद्योग विभाग, तकनीकि शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित थे।

## बैंकों के जिला समन्वयकों की बैठक आयोजित

**मंडला।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने बैंकों के जिला समन्वयकों की बैठक ली। जिसमें रोजगारमूलक योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, बैंक लिंकेज आदि की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में वार्षिक लक्ष्य पूर्ण करने वाले जिला अधिकारियों के कार्यों की सराहना की गई। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में एलडीएम सुजय कुमार, जिला प्रबंधक नाबार्ड देवब्रत पाल सहित संबंधित विभागों के प्रमुख एवं सभी बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली गई जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक

**मंडला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न विषयों पर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उनका अक्षरश: पालन किया जाए। विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा जिन विषयों अथवा समस्याओं को जिला निर्वाचन कार्यालय के संज्ञान में लाया जाता है उन पर ध्यान दें तथा यथोचित निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने तथा इपिक कार्ड जारी करने जैसे विषयों को गंभीरता से लें। उन्होंने निर्देशित किया कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की जिला स्तरीय बैठक



19 मार्च तक आयोजित कराएं। बैठक में जिला एनआईसी कक्ष से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, निर्वाचन अधीक्षक श्री अरूण कुशवाहा, सीके तिवारी सहित संबंधित शामिल हुए।

# हजारों कंडों से किया गया वैदिक होलिका दहन, अनोखी परंपरा का बना साक्षी मंडला





**मंडला, देशबन्धु।** होलिका दहन की पावन बेला पर तहसील चौराहा मंडला में एक बार फिर अनोखी परंपरा देखने को मिली, जहां हजारों कंडों से वैदिक रीति से होलिका दहन किया गया। यह अनूठी परंपरा वर्ष 2016 से लगातार चली आ रही है और इस बार भी इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग उमड़े।

जैसे ही होलिका दहन की तैयारियां पूरी हुईं, वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अग्नि प्रज्वलित की गई। हजारों कंडों से दहन होते ही श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ गया और चारों ओर भक्तिमय माहौल बन गया। इस विशेष आयोजन में धार्मिक अनुष्ठान का विशेष ध्यान रखा गया, जिसमें पुरोहितों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई। अग्नि प्रज्वलन के दौरान भक्तों ने सुख-समृद्धि और बुरी शक्तियों के विनाश के लिए प्रार्थना की।

इस अनूठी परंपरा को देखने के लिए आसपास के गांवों और शहरों से भी लोग पहुंचे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक संदेश है कि वैदिक रीति से किए गए अनुष्ठान सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और समाज में सुख-शांति बनाए रखते हैं।

इस आयोजन को सफ्ल बनाने में प्रशासन का भी विशेष योगदान रहा। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा, जिससे कार्यक्रम में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। नगर परिषद और अन्य संबंधित विभागों ने भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस अनोखी परंपरा को लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह देखा गया। लोगों का मानना है कि इस प्रकार का आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करता है, बल्कि समाज में एकजुटता और संस्कृति के प्रति जागरूकता भी बढ़ाता है। हर साल की तरह इस बार भी यह आयोजन बेहद सफ्ल रहा, और लोगों ने मंगलमय भविष्य की कामना के साथ होलिका दहन की इस अनोखी परंपरा का आनंद लिया।

## नैनपुर में मनाया गया बालिका जन्म पर स्वागतम् लक्ष्मी कार्यक्रम



**मंडला, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास परियोजना नैनपुर अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल नैनपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिका जन्म पर स्वागतम लक्ष्मी कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में एसडीएम आशुतोष एम. ठाकुर एवं श्रीमती शालिनी साहू सभापति स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण समिति एवं सदस्य जिला पंचायत मंडला के द्वारा नवजात बालिकाओं के वस्त्र एवं प्रसूता माताओं को स्वच्छता तथा पोषण किट प्रदान किये गए। इन धात्री माताओं को बालिका के नाम पर लगाने हेतु मुनगा/सहजन का पौधा भेंट कर समाज में बालिकाओं के महत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास रेखा सैयाम, डॉक्टर सुरेन्द्र वरकडे, पर्यवेक्षक श्रीमती मालती ठाकुर, श्वेता मरावी, सुश्री सरस्वती डहेरिया सहित संबंधित उपस्थित रहे।